दैनिक भास्कर 18/04/2023

# जीएमएन कॉलेज में ईआरपी के मॉड्यूल कर दी ट्रेनिंग



**अम्बाला** | जीएमएन कॉलेज में कंप्यूटर विभाग की ओर से विद्यार्थी प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत ईआरपी के विभिन्न मॉड्यूल का प्रयोग कैसे करें, विषय पर ट्रेनिंग दी गई। कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ. सीमा कंसल की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि तकनीकी युग में ईआरपी किसी भी कॉलेज के लिए मेरुदंड है तथा इससे अधिक कुशलता से सारे काम किए जा सकते हैं। कार्यक्रम की संयोजिका प्रोफेसर उपिंदर कौर ने विद्यार्थियों को इआरपी का महत्व समझाया। डॉ. राजेश सहायक प्रोफेसर, गणित विभाग ने विस्तृत रूप से आरपी सॉफ्टवेयर में विद्यार्थियों से संबंधित सभी पहलुओं जैसे लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, ग्रीवेंएससिस, नोटिस तथा अटेंडेंस को विस्तार से बताया।